# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक, दिल्ली में शुरू, राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर भी हुए शामिल।
- आईआईटी आईएसएम धनबाद को सेमिकॉन इंडिया 2025 में विकसित इंटीग्रेटेड सर्किट 'एपीईईसी 1' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान।
- रिनपास के शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल, स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा।
- राजधानी रांची समेत राज्य भर में पारंपरिक रीति–रिवाज के साथ मनाया गया करमा पर्व, करम अखरा में करम डाली के साथ की गयी पूजा–अर्चना।
- मौसम विभाग ने कल गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश का जारी किया ऑरेंज अलर्ट, सात अन्य जिलों में यलो अलर्ट, लोगों से सावधानी बरतने की अपील।

******************

वित्त मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज से दिल्ली में शुरू हुई, इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कर रही हैं। बैठक में सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुए, जिसमें झारखंड की ओर से वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उपस्थित हुए। उन्होंने प्रदेश की नीतियों को साझा करते हुए जीएसटी में बदलाव और राज्यों के राजस्व को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

******************

धनबाद के आईआईटी आईएसएम को सेमिकॉन इंडिया 2025 में विकसित इंटीग्रेटेड सर्किट 'एपीईईसी1' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह चिप डॉ. राजीव कुमार रंजन के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने तैयार किया है। लो–पावर एनालॉग मेमरेस्टर एमुलेटर के रूप में यह चिप न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग और एज एआई डिवाइस जैसे प्रयोगों में उपयोगी है। परियोजना के लिए 2023 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 1 करोड़ 12 लाख रुपये की फंडिंग दी थी।

******************

रांची स्थित रिनपास अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है और कल कांके परिसर में शताब्दी समारोह आयोजित होगा, जिसमें देश–विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। आज डॉ. अंसारी ने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को मीडिया, सुरक्षा और यातायात पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के 100 सालों के गौरवशाली इतिहास का गवाह बनेगा।

******************

धनबाद में भाजपा महानगर द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने बताया कि इस दौरान मंडल और जिला स्तर पर साफ–सफाई अभियान, विकलांगों को कृत्रिम अंग वितरण, खेलकूद प्रतियोगिता और सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेवा पखवाड़ा के साथ–साथ सांसद खेल महोत्सव भी 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

******************

राज्य के कृषि निदेशक भोर सिंह यादव ने देवघर के जसीडीह के सुजानी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया और गतिविधियों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने बीज उत्पादन, उच्च मूल्य वाली फसलों और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर दिशा–निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एफपीओ सदस्यों, एनजीओ प्रतिनिधियों और प्रगतिशील किसानों के काम की सराहना की।

******************

धनबाद में बीसीसीएल के लोदना एरिया के धौड़ा सुपरवाइजर राजकुमार सिंह और उनके सहयोगी रामाश्रय गड़ेरिया को 20,000 रुपये रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने गिरफ्तार किया। सीबीआई ने आरोपियों के घर और अन्य ठिकानों पर सर्च अभियान भी चलाया और पूछताछ शुरू कर दी है।

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज भाई बहनों का पवित्र पर्व करमा धूमधाम से मनाया गया। खूंटी जिले के करम अखड़ा में मुंडा पहान द्वारा पूजा अर्चना के साथ करम डाली और जावा से सजावट की गई। महिलाएं, युवतियां और बच्चियां मांदर, ढोलक और बांसुरी की ध्वनि में नृत्य करती नजर आईं।

******************

हजारीबाग झंडा चौक में ईद मिलाद–उन–नवी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अभ्यास में दंगा और भीड़ नियंत्रण, अफवाहों पर रोकथाम, आंसू गैस और रंगीन पानी के छिड़काव जैसी रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया गया। एएसपी अमित कुमार और प्रशिक्षु आईएएस आंनद शर्मा ने बताया कि यह ड्रिल पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की तत्परता को दर्शाती है।

******************

खूंटी पुलिस ने व्यवसाय की आड़ में अवैध हथियार तस्करी करने वाले रांची के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कर्रा थाना क्षेत्र के कुलहूटू जंगल से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और इनके पास से चार अवैध देशी पिस्टल, 44 गोलियां, 8 मैगजीन, 2 मोबाइल और 66,860 रुपये नगद बरामद की गई है।

साउंड बाइट – एसपी खूंटी ऑन अपराधी गिरफ्तार – 20 सेकेंड

साथ ही खूंटी पुलिस ने जिले में बढ़ती बैटरी चोरी की घटनाओं के बाद रांची और बेगूसराय के चार चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 31 गाड़ियों की बैटरी, एक कार, चोरी में प्रयुक्त औजार और 3 मोबाइल बरामद हुए।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले में लंबे समय से प्रतीक्षित बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन ने घाटों को दो समूहों–ग्रुप ए (चांडिल) और ग्रुप बी (सरायकेला) में विभाजित कर नीलामी का निर्णय लिया है, जिनकी न्यूनतम बोली 25 और 20 करोड़ रुपये तय की गई है। नीलामी पूरी तरह ऑनलाइन होगी और प्रतिभागियों को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

******************

चतरा जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना विस्तार के अलावा अब जिले के पीवीटीजी परिवारों की आजीविका संवर्धन और कौशल विकास में भी प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत  डीएमएफटी फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

मौसम विभाग ने गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कल तक भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सात अन्य जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला–खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में यलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

*******समाप्त********